ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित




## शुभकामनाएं

राष्ट्रीय नवीन मेल के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं, हॉकरों एवं शुभचिंतकों को 'गणतंत्र दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं।

## अवकाश की सूचना

'गणतंत्र दिवस' के अवसर पर राष्ट्रीय नवीन मेल कार्यालय 26 जनवरी (शुक्रवार) को बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक 28 जनवरी (रविवार) को प्रकाशित होगा।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# सीएम हेमंत ने ईडी के नौवें समन का भेजा जवाब

### कहा, व्यस्तता के चलते 31 मार्च तक नहीं दे सकता समय

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने गुरुवार को ईडी के नौवें समन पर लिखित जवाब भेजा है। सूत्रों के मुताबिक, सीएम ने एजेंसी को कहा है कि आगामी 31 मार्च तक उनकी व्यस्तता है और इस वजह से वे पूछताछ के लिए उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। रांची के बड़गांई अंचल में जमीन घोटाले से जुड़े मामले की जांच कर रहे ईडी ने सीएम को भेजे समन में उनसे 27 से लेकर 31 जनवरी तक की कोई तारीख अपनी सहूलियत के अनुसार तय करने को कहा था। गुरुवार दोपहर करीब ढाई बजे सीएम हेमंत सोरेन ने अपने कार्यालय के मैसेंजर के जरिए ईडी के एयरपोर्ट रोड स्थित दफ्तर को अपनी चिट्ठी सीलबंद लिफाफे में भिजवाई। सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने चिट्ठी में विधानसभा के आगामी बजट सत्र सहित अन्य आवश्यक कार्यों में अपनी व्यस्तता का हवाला दिया है और फिलहाल पूछताछ के लिए समय देने में असमर्थता जताई है। गौरतलब है कि ईडी ने सीएम सोरेन से 20 जनवरी को करीब सात घंटे तक उनके आवास पर पूछताछ की थी। एजेंसी जांच आगे बढ़ाते हुए उनसे एक बार और पूछताछ करना चाहती है। जमीन घोटाले



के इस मामले में ईडी अब तक आईएएस छवि रंजन सहित करीब डेढ़ दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। 20 जनवरी को हुई पूछताछ के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने अपने आवास के बाहर जमा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि मैंने कोई चोरी नहीं की है। हमने उनके सभी सवालों के जवाब दिए हैं। आगे जो भी परीक्षा देनी पड़े, उसके लिए हम तैयार हैं। हमने झारखंड लड़कर लिया है। हम झारखंड को इन भ्रष्टाचारियों के हाथ में कभी जाने नहीं देंगे। सरकार बहुत मुश्किल से बनी है। सरकार बनने के बाद से ही हमारे खिलाफ षड्यंत्र चल रहा है। राज्य के विकास के साथ हमने इन षड्यंत्रों को नाकाम किया है। इनके पर को कुतर कर ही हम आगे बढ़ रहे हैं। अब उनके ताबूत में हम आखिरी कील ठोंकेंगे।

## सीआरपीएफ के खिलाफ एफआईआर गलत : राज्यपाल

**रांची।** 20 जनवरी को सीएम हेमंत सोरेन से ईडी की पूछताछ के दौरान सीएम आवास के पास भारी तादाद में सीआरपीएफ जवानों के पहुंचने की घटना पर उत्पन्न हुआ विवाद थम नहीं रहा। इस घटना के बाद प्रशासन की ओर से सीआरपीएफ के आईजी, कमांडेंट और जवानों पर धारा-144 के उल्लंघन के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। अब, झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सीआरपीएफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए जाने की कार्रवाई को गलत ठहराया है। राज्यपाल ने गुरुवार को रांची में एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों द्वारा इस संबंध में पूछे गए सवाल पर तल्ख अंदाज में कहा कि उस दिन सीएम हाउस के पास झामुमो के कार्यकर्ता गैरजरूरी रूप से पहुंचकर हंगामा क्यों कर रहे थे? ऐसा लग रहा था कि यह एक रणनीति के तहत हो रहा था।

### ऐसे हालात क्यों बने कि सीआरपीएफ को वहां पहुंचना पड़ा?

गौरतलब है कि 20 जनवरी को जब ईडी की टीम सीएम हाउस में हेमंत सोरेन से



पूछताछ कर रही थी, तब वहां से कुछ दूरी पर झामुमो के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर नारेबाजी कर रहे थे। रांची जिला प्रशासन का कहना है कि पूछताछ के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसी दौरान सीआरपीएफ के करीब 500 जवान खुद सीएम हाउस के पास पहुंच गए थे। प्रशासन ने न तो सीआरपीएफ को बुलाया था और न ही इसकी अनुमति दी गई थी। इस घटना को लेकर रांची के सर्किल ऑफिसर मुंशी राम ने मुख्यमंत्री आवास के आसपास धारा-144 के प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए सीआरपीएफ के महानिरीक्षक, कमांडेंट और अन्य कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के आरोप में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकर्ताओं और भीम आर्मी समर्थकों के खिलाफ भी अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इस मामले में सीएमओ ने राज्य सरकार के गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय से पूछा था कि सीएमओ के पास प्रतिबंधित इलाके में 20 जनवरी को सीआरपीएफ जवानों की एंट्री कैसे हुई थी? सत्तारूढ़ पार्टी झामुमो का आरोप है कि सीआरपीएफ ने सोची-समझी साजिश के तहत टुकड़ियां भेजी। वे बगैर अनुमति सीएम हाउस में प्रवेश करने लगे और झामुमो कार्यकताओं से उलझने लगे। वे चाहते थे कि सीएम हाउस के पास प्रदर्शन कर रहे लोग उग्र होकर उन पर हमला कर दें। यह साजिश सफल हो जाती तो राज्य में संवैधानिक तंत्र की विफलता का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति शासन लगाने की भूमिका तैयार की जा सकती थी। इस साजिश में सीआरपीएफ के आईजी, कमांडेंट और अन्य अफसरों की संलिप्तता है।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,360

चांदी (किलो) 71,790

## एक नजर

### लालू यादव ने सीबीआई कोर्ट में जमा किया पासपोर्ट

**रांची।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने सीबीआई कोर्ट में पासपोर्ट जमा कर दिया है। चारा घोटाले के अलग-अलग मामलों में सजायाफ्ता लालू के अधिवक्ता प्रभात कुमार ने गुरुवार को कहा कि सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट में लालू यादव का पासपोर्ट जमा हुआ। लालू की ओर से पासपोर्ट की अवधि समाप्त होने का हवाला देते हुए रिन्यूएल करने के लिए पासपोर्ट रिलीज करने की मांग की गयी थी। पिछले वर्ष जून महीने में लालू प्रसाद यादव की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पासपोर्ट रिलीज करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने शर्त रखी थी कि पासपोर्ट रिन्यू होने के बाद वह वापस पासपोर्ट सीबीआई कोर्ट को सौंप देंगे।

### प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने गुरुवार को अपने एक ट्वीट में कहा, राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं। इस वर्ष की थीम वोटिंग जैसा कुछ नहीं, मैं जरूर वोट देता हूं से प्रेरित होकर हम सभी चुनाव में सक्रिय भागीदारी को और मजबूत करने तथा अपने लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मिलकर काम करें। मैं इस क्षेत्र में चुनाव आयोग के प्रयासों की भी सराहना करता हूं।

### ऐतिहासिक महत्व बरकरार रखने को संविधान लागू करने के लिये दो माह इंतजार

## और स्वतंत्रता दिवस से गणतंत्र दिवस बन गया 26 जनवरी

**अखिलेश चौबे**

**मेदिनीनगर।** संविधान लागू होने के पूर्व से ही 26 जनवरी का दिन भारतीय इतिहास में महत्वपूर्ण दिवस रहा है। हमारे देश में पहला स्वतंत्रता दिवस 26 जनवरी 1930 को मनाया गया था। दरअसल पंडित जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में तत्कालीन पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में पूर्ण स्वराज की मांग बुलंद की गयी। इस दौरान तय किया गया कि अब हर वर्ष 26 जनवरी को पूरे देश में पूर्ण स्वतंत्रता दिवस मनाया जायेगा। अधिवेशन के दौरान ही 31 दिसंबर 1929 को रावी नदी के तट पर तिरंगा फहराकर पूर्ण स्वराज का संकल्प लिया गया। उसके बाद 26 जनवरी 1930 को पूरे देश में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया जाने लगा। इसी बीच 15 अगस्त 1947 को भारत को आजादी मिलने के बाद स्वतंत्रता दिवस की तिथि परिवर्तित



हो गयी। उसके बाद देश के नीति नियंताओं ने 26 जनवरी की ऐतिहासिकता को बरकरार रखने के लिये गंभीरता पूर्वक मंथन प्रारंभ किया। तिथि का महत्व बनाये रखने के लिये ही 26 नवंबर 1949 को बनकर तैयार हो जाने के बाद भी संविधान को लागू करने के लिये दो महीने इंतजार किया गया। उसके बाद 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू कर इस दिन गणतंत्र दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। तब से 15 अगस्त व दो अक्टूबर के साथ 26 जनवरी देश के तीन राष्ट्रीय पर्वों में शुमार है।

## इंडिया कम मतदान लोकतंत्र के लिए घातक है या वरदान ?



सुनील बादल

**किसी** भी राज्य में जिस दिन चुनाव होते हैं उस दिन छुट्टी घोषित कर दी जाती है ताकि लोग मतदान कर सकें पर बड़े शहरों के अनेक संपन्न लोग घरों में सोने या पिकनिक मनाने या मूवी देखने को प्राथमिकता देते हैं जबकि रोज कमाने खाने वाले कम पढ़े लिखे लोग लाइन में लगकर मतदान करते हैं । आजादी के बाद से ही जितने भी चुनाव हुए है, उनमें लगभग आधे मतदाता मौसमी पलायन या अनिच्छा के कारण अपने मत का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, ऐसा हर चुनाव में होता आया है। इसलिए लंबे समय से मांग उठती रही थी कि ऐसे लोगों के लिए मतदान का कोई व्यावहारिक एवं तकनीकी उपाय निकाला जाना चाहिए। उसी के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के द्वारा घरेलू प्रवासियों के लिए आरवीएम का प्रस्ताव एक सूझबूझ भरा एवं दूरगामी सोच एवं विवेक से जुड़ा उपाय है। आवश्यक है कि राजनीतिक दल ऐसे अभिनव उपक्रम का विरोध करने या अवरोध खड़ा करने की बजाय उसकी अच्छाइयों को स्वीकार करते हुए स्वागत करें। भारत में घटते मतदान को नियंत्रित करने एवं अधिकाधिक युवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में चुनाव आयोग के स्थापना दिवस को चिह्नित करने के लिए 25 जनवरी 2011 से शुरू किया गया था । निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश भर के सभी मतदान केंद्रों में प्रत्येक वर्ष उन सभी पात्र मतदाताओं की पहचान की जाए, जिनकी उम्र एक जनवरी को 18 वर्ष हो चुकी हो। मतदान दिवस का उद्देश्य चुनाव में व्याप्त होते भ्रष्टाचार को नियंत्रित करना एवं लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करना भी है। । एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि जहाँ दुनिया भर के चुनाव में लोगों की हिस्सेदारी घटती गई है वहीं भारत में मतदान का प्रतिशत बढ़ा है या काफी ऊँचे स्तर पर टिका हुआ है। दूसरे यहाँ




विभिन्न स्तर की लोकतांत्रिक संस्थाओं में लोगों की दिलचस्पी सत्ता के हिसाब से घटती नहीं है। यहां संसद से ज्यादा दिलचस्पी विधानसभा और विधानसभा से ज्यादा दिलचस्पी मंत्रालय और स्थानीय निकायों के चुनावों में रही है। तीसरे भारत में गरीब और कमजोर लोगों की लोकतंत्र में आस्था औरों से कम नहीं है जबकि अमेरिका, अफ्रीका और यूरोप के देशों में बेघर और जातीय अल्पसंख्यकों की भागीदारी चुनाव में बहुत कम होती है। हमारे यहाँ तो सामाजिक, आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की भागीदारी सामान्य से ऊपर ही होती है। यहाँ ऊँची जाति के हिंदू की तुलना में दलित और अल्पसंख्यक मतदाता ज्यादा मुस्तैदी से वोट देते हैं। पिछले लगभग 15 वर्षों से भारतीय लोकतंत्र में पिछड़ों, गरीबों और कमजोरों की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। 1989 के एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के अनुसार चुनाव में कम मतदान लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। इसका एक कारण यह है कि मतदाता अचानक मतदान से दूर नहीं रहते। मतदाताओं के कुछ समूहों के दूसरों की तुलना में मतदान से दूर रहने की अधिक संभावना है। क्योंकि राजनेता मुख्य रूप से उन लोगों के हितों की सेवा करते हैं जो उन्हें वोट दे सकते हैं, कुछ नागरिकों के हितों की उतनी अच्छी तरह से सेवा नहीं की जाती जितनी दूसरों के लिए की जाती है। यह व्यापक रूप से स्वीकृत मानक दृष्टिकोण के विपरीत है कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक का समान प्रभाव होना चाहिए। नीति आयोग ने चुनाव आयोग को वर्ष 2024 से लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का सुझाव देकर एक सार्थक बहस की शुरूआत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों चुनावों को एक साथ कराने का सुझाव दिया था। चुनाव एक साथ कराने का विचार बहुत नया हो, ऐसा भी नहीं है। पिछली सरकारों में भी समय-समय पर इस पर चचाएं होती रही हैं। लेकिन इस व्यवस्था को लागू करने में अनेक संवैधानिक समस्याएं भी हैं। इन सबका समाधान करते हुए यदि हम यह व्यवस्था लागू कर सके तो यह देशहित में होगा। जनता की गाढी कमाई की बर्बादी को रोकने, बार-बार चुनाव प्रक्रिया के होने से जनता को होने वाली परेशानी और प्रशासनिक कार्य में होने वाली असुविधाओं को रोकने के लिए चुनाव एक साथ कराने की व्यवस्था निश्चित रूप से लोकतंत्र को एक नई उष्मा एवं नया परिवेश देगी। यदि इसके लिये कोई सर्वमान्य रास्ता निकलता है तो सचमुच यह देश, समाज और लोकतंत्र के हित में होगा और मतदान भी बढ़ेगा।



# प्रलोभन व जाति से परे होकर करें मतदान : डीसी

### जिले में 60341 नये मतदाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशिरंजन ने कहा कि युवा मतदाताओं को पहली बार मतदान करने की शक्ति मिली है। वे इसका प्रयोग लोकतंत्र को मजबूत बनाने में करेंगे। उन्होंने कहा कि आपका एक वोट सरकार बनाने में महत्वपूर्ण काम करता है। इसलिए सोच समझ कर वोट दें। कभी भी प्रलोभन में आकर या जाति से प्रभावित होकर लोगों को मतदान नही करना चाहिए। इन सब चीजों से ऊपर आकर अगर लोग अच्छे नेता को चुनेंगे तो आपको अच्छी सुविधा व अच्छी शिक्षा मिलेगी। इसलिये निर्भीक होकर मतदान करें। उपायुक्त श्री रंजन 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला समाहरणालय परिसर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में बोल रहे थे। इसके पूर्व समारोह का उद्घाटन उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु एवं अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात उपायुक्त ने उपस्थित सभी लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई। उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने बताया कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में 60341 नये मतदाता का नाम जुड़ा है।

# डा. सीमा बनी रविदास महासभा की अध्यक्ष



**मेदिनीनगर।** स्थानीय बेलवाटिका में गुरुवार को आयोजित रविदास महासभा की वार्षिक आमसभा में डा. सीमा को अध्यक्ष एवं सुदर्शन राम को महासचिव चयनित किया गया। संचालन समिति की देखरेख में आयोजित सभा में विभिन्न प्रखंडों के साढ़े चार सौ से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि नवनियुक्त पदाधिकारियों के नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिलेगी। मौके पर नागेंद्र प्रसाद, शत्रुघ्न कुमार शत्रु, अजय भारती, कन्हाई राम, निर्मला भारती, गणेश रवि, कुश कुमार, भूराराम, युगल राम, जानकी देवी आदि मौजूद रहीं।





































# समृद्ध व सशक्त भारत बनाने के लिये मतदान करें युवा : मोदी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा गुरुवार को नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, भाजपा के वरीय नेता श्याम नारायण दुबे, नरेंद्र पांडेय, अविनाश वर्मा, दुर्गा जौहरी ,जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या भी लाइव जुड़े रहे। युवाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज हमारा भारत विश्व का सबसे युवा देश है। क्योंकि हमारे देश में युवाओं की संख्या ज्यादा है। इससे पूरा विश्व भारत की ओर आशाभरी निगाह से देख रहा है। लोकतंत्र में मतदान का बहुत बड़ा महत्व है। पांच साल में एक बार हर मतदाता को अपने मत का प्रयोग करने का अवसर प्राप्त होता है। युवाओं को मतदान रूपी अवसर को देश और राज्य के विकास में सहभागी बनने के लिए करना चाहिये। इस वर्ष करीब 8 करोड़ युवा मतदाता बने हैं। पीएम ने नव मतदाताओं का समृद्ध और सशक्त भारत बनाने के लिए अपने मतदान का उपयोग करने का आह्वान किया। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि युवा मोर्चा के द्वारा पहली बार देश भर में 5 हजार स्थानों पर आयोजित नव मतदाता सम्मेलन में विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री मोदी जुड़ रहे हैं। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि आज भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।


75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



विवेकानन्द त्रिपाठी
पूर्व वार्ड पार्षद
वार्ड नं- 18, पलामू।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



मुन्ना खान
युथ कांग्रेस अध्यक्ष
पलामू।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



मनीष भिवानिया
जिला उपाध्यक्ष भाजपा ओबीसी पलामू
नवा टोली डाल्टनगंज
प्रदेश मंत्री वैश्य महासम्मेलन झारखंड

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



संजय पांडेय
समाजसेवी सह व्यवसाई
विश्रामपुर।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



अभिमन्यु सिंह
उर्फ बबलू सिंह
बसपा नेता सह विश्रामपुर
विस प्रत्याशी।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



अनुज चौधरी
झारखंड निषाद विकास संघ
पलामू जिला अध्यक्ष सह
भारतीय जनता युवा मोर्चा
ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विश्रामपुर।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



लुड्डू खान
भाजपा प्रदेश मंत्री अल्पसंख्यक
मोर्चा झारखण्ड प्रदेश पलामू।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



इन्दु भगत
महिला मोर्चा अध्यक्ष
कांग्रेस, पलामू।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



संग्राम सिंह
जिला परिषद सदस्य
पाटन पश्चिमी।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



चंचला देवी
प्रथम वार्ड पाषद, वार्ड नं-33
पति - विजय चंद्रवंशी (समाजसेवी)
प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतवर्ष
चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।



इन्द्रदेव राम
(ओपी प्रभारी)
देवरी, हुसैनाबाद, पलामू।

गणतंत्र दिवस पर समस्त नगर पंचायत प्रतिनिधियों व हुसैनाबाद के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



शशि कुमार
(निवर्तमान नगर
अध्यक्ष) हुसैनाबाद।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



संतोष कुमार
प्रमंडलीय अध्यक्ष सह
मेदिनीनगर, कर्मचारी संघ
अध्यक्ष, पलामू।

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



ज्योति पाण्डेय
भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू के
जिला अध्यक्ष, मेदिनीनगर, पलामू।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



अनुज त्रिपाठी
मुखिया
रजवाडीह, पलामू।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



डा. रोहित पांडेय
एसएच हॉस्पिटल आबादगंज
मिशन स्कूल रोड, पलामू।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद नगर पंचायत के प्रतिनिधियों व नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



राजेन्द्र पाल
(अध्यक्ष) नवाह्न यज्ञ समिति जपला
महावीर भवन,निवर्तमान पार्षद
वार्ड -3 हुसैनाबाद, पलामू।

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हुसैनाबाद के समस्त नागरिकों सहित पलामू के तमाम भाजपा परिवार को हार्दिक बधाई।



अजय प्र. गुप्ता
(भाजपा)
नगर मंडल, हुसैनाबाद, पलामू ।



75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।




मोती मिष्ठान भंडार पंचमुहान चौक, डालटनगंज।

श्री लेदर्श शो रूम

सत्तार सेठ चौक विष्णु मंदिर रोड डाल्टनगंज यहां पर सभी तरह के लेदर का सामान किफायती दामों पर उपलब्ध है।



75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।




प्रो. शैलेंद्र सिंह

रिवर भीयू रिसोर्ट, यहां शादी, विवाह, पार्टी, बर्थडे के लिए उत्तम व्यवस्था उपलब्ध है। रुम बुक करने के लिए मो. नम्बर- 8434298903 पर संपर्क करें।

नोट : यहां पर कोयल नदी में मनोरंज करने के लिए एटीवी बाइक भी उच्चित भाड़े पर उपलब्ध है।



75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



ऑडियोलॉजिस्ट धनंजय जयसवाल

जायसवाल स्पीच एण्ड हियरिंग सेन्टर
जेल हाता रोड डाल्टनगंज, सीएस आवास के सामने
मो. 9570082700, 8318614179
मरीज देखने का समय:- 10 बजे सुबह से शाम 7 बजे तक।



पिछड़ा वर्ग (OBC) एकता एंव अधिकार मंच,
पलामू प्रमंडल की ओर से

75वां गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त देशवासियों सहित पलामू प्रमंडल वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई।




- संकल्प पिछड़े वर्ग के समाज को अधिकार दिलाने का
- संकल्प पिछड़े वर्ग के समाज के राजनितिक प्रतिनिधित्व का
- संकल्प पिछड़े वर्ग के समाज के हित में कार्य करने का
- संकल्प पिछड़े वर्ग के समाज की आवाज बनने का

संयोजक मण्डल ,पिछड़ा वर्ग (OBC) एकता एंव अधिकार मंच, पलामू प्रमंडल



युगल पाल | अशर्फी चंद्रवंशी | रामदास साहू | अजय वर्मा | श्रवण कुमार

ब्रम्हदेव प्रसाद (बी.डी.प्रसाद)
संयोजक मण्डल,पिछड़ा वर्ग (OBC) एकता एंव अधिकार मंच



सत्यमेव जयते
भारत सरकार

सभी देशवासियों को
75वें
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ

"आज का समय भारत के विकास का अमृतकाल है। आज भारत युवा शक्ति की पूंजी से भरा हुआ है, ऊर्जा से भरा हुआ है। आज हम समय के एक ऐसे मोड़ पर हैं, जहां हमारा हर प्रयास, अगले एक हजार साल के भारत की नींव को मजबूत करेगा।"

- नरेन्द्र मोदी



CBC 22201/13/0231/2324

कर्तव्य पथ से गणतंत्र दिवस समारोह के विशेष कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुबह 9:00 बजे से दूरदर्शन नेटवर्क पर

## स्वच्छ -शांतिपूर्ण वातावरण में संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा सुनिश्चित करें : उपायुक्त

**गढ़वा।** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का आयोजन 28 जनवरी एवं 4 फरवरी को होना है। इसके लिए गढ़वा जिले में भी 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कदाचार मुक्त परीक्षा के आयोजन को लेकर समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों के साथ बैठक की। इसमें मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन समेत अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर रतन कुमार सिंहबैठक में उपायुक्त ने संबंधित क्षेत्र के अनुमंडल पदाधिकारियों को सभी केंद्रों पर परीक्षा के दिन धारा 144 लागू करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के दिन वीडियोग्राफी कराने एवं जैमर का अधिष्ठापन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों को मोबाइल, कैलकुलेटर, स्मार्ट वाच, किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षार्थियों की प्रवेश द्वार पर जांच की जायेगी। उपायुक्त ने स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचारमुक्त परीक्षा कराने के निर्देश दिए। आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचारमुक्त परीक्षा कराने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध है।

## 20 करोड़ की लागत से पांच सड़कों का होगा निर्माण : मंत्री मिथिलेश

**गढ़वा।** विधानसभा क्षेत्र में लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से पांच नये सड़कों का निर्माण किया जाएगा। सरकार ने इसकी स्वीकृति दे दी है। इनमें गढ़वा प्रखंड में दो, रंका, मेराल एवं रमकंडा में एक-एक सड़क निर्माण शामिल है। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने बताया कि गढ़वा-मझिआंव आरईओ रोड से यज्ञशाला होते हुए नामधारी कॉलेज तक चार करोड़ 99 लाख 22 हजार 300 रुपये से 5.59 किमी, रामजीत डीलर के घर से पुराना स्टैंड पीडब्लूडी रोड तक एक करोड़ 80 लाख 70 हजार 400 रुपये से 1.51 किमी, मेराल प्रखंड में गढ़वा-मझिआंव राजमार्ग खोलरा से बीरबंधा सीमा तक चार करोड़ 68 लाख 4300 रुपये की लागत से 4.26 किमी, रंका प्रखंड में एनएच 343 सिंगारकला से उंचरी होते हुए सेवाडीह मुख्य पथ तक चार करोड़ 22 लाख 40 हजार 100 रुपये की लागत से 5.6 किमी तथा रमकंडा प्रखंड के उदयपुर में सीधाटांड़ मोड़ से ललेहा तक एक करोड़ 83 लाख 43 हजार 400 रुपये की लागत से 1.75 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा।

## केतरी गांव में कुएं से नवजात बच्चा हुआ बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। केतार** थाना क्षेत्र के केतरी गांव में गुरुवार को कुएं से नवजात बच्चा बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार केतरी गांव के मुख्य सड़क किनारे स्थित कुएं से नवजात बच्चे के रोने की आवाज सुनाई पड़ी तो आस-पड़ोस के ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय मुखिया प्रमोद कुमार को दी। मुखिया ने घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से कुएं से बच्चे को बाहर निकलवाया और इलाज के लिए निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में भर्ती कराया। डॉक्टर निशांक निश्रम ने बच्चे का प्राथमिक उपचार किया। थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने पहल करते हुए चाइल्ड लाइन को मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इलाज के बाद ही नवजात बच्चे को कही भेजा जायेगा।

## भाजपा नेता ने थामा जेएमएम का दामन

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कठौतिया गांव निवासी भाजपा नेता शह पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष गुड्डू कुमार यादव ने भाजपा छोड़ गुरुवार को गढ़वा जिला बीससूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह के आवास पर बरवाडीह में झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया।

## भाजयुमो ने किया नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन

**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन फरठीया स्थित डेंटल कॉलेज में किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने कहा कि युवाओं को देशहित में मतदान करना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि नव मतदाता राष्ट्रहित में मतदान करना होगा तभी राष्ट्र का विकास संभव है।


गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त जिले वासियों को
75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
लिए जुझारू कार्यकर्ताओं का आभार
विजयानंद पाठक
अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी पलामू

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
अनुपम तिवारी
शिक्षक राजकीय+2 उच्च विद्यालय स्तनाग पांडू

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रमोद कुमार
मुखिया
केतार (गढ़वा)

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
ज्वाला प्रसाद
जिला परिषद सदस्य
केतार (गढ़वा)

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
शम्भू सिंह खरवार
उप प्रमुख
केतार (गढ़वा)

सभी पलामू वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
आप की गारंटी समृद्ध पलामू
राकेश तिवारी
कार्यकारी जिला अध्यक्ष
आम आदमी पार्टी पलामू

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सुरेन्द्रनाथ तिवारी
उपाध्यक्ष भाजपा वरीय मण्डल ऊंटारी रोड

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रमोद सिंह
लेखापाल, आरके सिंह पब्लिक स्कूल केतार (गढ़वा)

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
धीरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा
रोजगार सेवक
मुकुन्दपुर (केतार)

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
राजेन्द्र सिन्हा
जिला अध्यक्ष जेएमएम
मेदिनीनगर, पलामू।
शुशीला मिश्रा
जिला अध्यक्ष जेएमएम
महिला मोर्चा अध्शक्ष झारखंड
झामूमो पलामू सह जैक बोर्ड मेंबर

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
डॉ पंकज पाठक
दंत चिकित्सक
सीएचसी भवनाथपुर, गढ़वा

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
राजू सिंह
युवा समाजसेवी
केतार (गढ़वा)

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
बसंती देवी
मुखिया, परसोडीह
केतार (गढ़वा)

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
दिनेश प्रजापति
प्रभारी प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय खैरवा, केतार (गढ़वा)

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
ललिता कुमारी
मुखिया, बलिगढ़ पंचायत
केतार (गढ़वा)

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
नीलम देवी
मुखिया लोहरगाडा पंचायत
केतार (गढ़वा)

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
उच्चतम तकनीक से निर्मित वेस्ट क्वालिटी के
फ्लाई ऐस ब्रिक्स, पेवर ब्लॉक, कवर ब्लॉक, सिमेंट, टाईल्स
सहित निर्मित सामग्रियों के लिए अवश्य पधारें।
घर, आंगन, बगिया, चमकायें कुमार मिनरल का प्रोडक्ट ही लगायें।
निर्माता एवं आपूर्तिकर्ता
कुमार मिनरल
औद्योगिक प्रांगण, सुदना, डालटनगंज, पलामू (झारखंड)
सम्पर्क नं. - 8210321631, 9470377882

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सरिता देवी
प्रभारी प्रधानाध्यापिका
मध्य विद्यालय हुरका, केतार

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
चंद्रावती देवी
प्रखंड प्रमुख
केतार (गढ़वा)

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
कमलेश कुमार महतो
थाना प्रभारी
केतार (गढ़वा)

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रेशमा देवी
पंचायत समिति सदस्य, पूर्वी परती-कुशवानी केतार (गढ़वा)

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सुनील कुमार
युवा समाजसेवी
मुकुन्दपुर पंचायत (केतार)

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
बब्लू सिंह
शिक्षक
केतार (गढ़वा)

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
राकेश पाल
युवा समाजसेवी, गढ़वा।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रविकांत पाठक
प्रधानाचार्य, सरस्वती विद्या मंदिर, श्री बंशीधर नगर।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
धनंजय कुमार
बीपीएम जेएसएलपीएस
श्री बंशीधर नगर।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
डा. संतोष कुमार
गुलाब हॉस्पिटल धुरकी मोड़
श्री बंशीधर नगर।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मो मुमताज राही
निदेशक
मिलेनियम पब्लिक स्कूल, श्री बंशीधर नगर।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
गणेश प्रताप देव
उप प्रमुख
श्री बंशीधर नगर।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
डा. कैशर आलम
सिटी हॉस्पिटल
श्री बंशीधर नगर।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
उर्मिला देवी
प्रमुख
श्री बंशीधर नगर।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
अनंत प्रताप देव
पूर्व विधायक व झामुमो नेता
भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र।
ताहिर अंसारी
झामुमो वरिष्ठ नेता
भवनाथपुर विधायक क्षेत्र।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
नीतीश कु. सिंह
थाना प्रभारी
श्री बंशीधर नगर।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
अमित कुमार
प्रधानाध्यापक राजकीय कृत उच्च विद्यालय चितविश्राम
श्री बंशीधर नगर।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
नित्यानंद चौबे
कोषाध्यक्ष अधिवक्ता संघ
श्री बंशीधर नगर।

75वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर झारखंडवासियों एवं भवनाथपुर विधान सभा क्षेत्र की जनता को हार्दिक बधाई।
बाबूलाल मरांडी
प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी झारखंड।
रामचन्द्र केशरी
पूर्व मंत्री झारखंड सरकार सह प्रदेश कार्यकारीसमिति सदस्य भाजपा।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
पंकज कु. सिंह
प्रबंधक प्रगति ऑटोमोबाइल्स एचपी पेट्रोल पंप बभनी
श्री बंशीधर नगर।

मिलाप मेडिकल सेन्टर
शांति निवास स्कूल के नजदीक, चिनियाँ रोड, गढ़वा (झारखण्ड)
डॉ० महजबीं
Dr. Mahjabin
MBBS, FGO
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा
पूर्व रेजिडेंट एम्स/अपोलो हॉस्पिटल नई दिल्ली
स्त्री एवं प्रसूति रोग संबंधित सुविधाएं
- ए.एन.सी. (ANC)
- पैप स्मेयर टेस्ट
- सी.टी.जी. (CTG)
- आई.यू.आई. (IUI)
- इनफर्टिलिटी क्लिनिक (बांझपन परामर्श एवं उपचार)
- नार्मल डिलेवरी एवं सिजेरियन (ऑपरेशन)
- बच्चेदानी का ऑपरेशन (Hysterectomy)
- कोल्पोस्कोपी (बच्चेदानी का दूरबीन विधि से जांच)
अन्य सुविधाएं
- ओ.पी.डी. (OPD)
- आई.पी.डी. (IPD)
- एन.आई.सी.यू. (NICU)
- आई.सी.यू (ICU)
- ई.सी.जी. (ECG)
- अल्ट्रासाउण्ड
- जेनरल सर्जरी (ऑपरेशन)
- जेनरल मेडिसीन
- फार्मेसी
- अत्याधुनिक जाँच घर
अत्याधुनिक मदर एंड चाइल्ड केयर सेवाएँ
नि:शुल्क चिकित्सा शिविर (हर महीने के 30 तारीख को)
डॉ० यासीन अंसारी
संस्थापक
मिलाप मेडिकल सेंटर
Follow us : milaapcentre
9060456890 9162570989
24X7 घंटे इमरजेंसी सेवा


### कार्यालय-पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
### -सह-
### जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़वा।

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं।

स्वच्छ गढ़वा सुन्दर गढ़वा

**जल-स्वच्छता संदेश 2024**

26 जनवरी 2024 (गणत्रंत दिवस) के शुभ अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा-सह-जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़वा की ओर से सभी गढ़वा वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

जल जीवन मिशन के तहत ''हर घर नल से जल'' योजना अन्तर्गत गढ़वा जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर को FHTC (चालित नल) के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु गढ़वा जिला का कुल लक्ष्य 2,98,535 अदद है, जिसकी उपलब्धि वृहत एवं लघु जलापूर्ति योजना से कुल 1,76,684 अदद पूर्ण है, शेष बचे 1,21,851 अदद FHTC को पूर्ण करने हेतु 29 अदद वृहत जलापूर्ति योजना में 14 पूर्ण तथा 15 निमार्णाधीन है, एवं 1521 अदद एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना में 894 पूर्ण तथा 627 निमार्णाधीन है, तथा Cluster-SVS से 2574 योजना से 69897 FHTC के लक्ष्य से 31 मार्च 2024 तक शत-प्रतिशत घर को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य कराया जा रहा है। जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) के तहत किये जा रहे कार्यों के उपलब्धि, समाज में व्यवहार परिवर्तन, पेयजल की गुणवता की जांच, पेयजल को शुद्ध बनाये रखने हेतु उपाय ईत्यादि गतिविधियों को LED Van के माध्यम से सभी प्रखण्डों में रूट चार्ट के अनुसार विडियो एवं ऑडियो से प्रदर्शित किया जा रहा है।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) के तहत गढ़वा जिला के सभी लक्षित ग्रामों को खुले में शौच से मुक्त किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0)Phase-II के तहत शेष बचे क्लूलछ का निर्माण किया जा रहा है, एवं पुनः छुटे हुए लाभुकों को IHHL निर्माण हेतु विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से आवेदन करने हेतु प्रकाशित कर लाभुकों को Online हेतु https://sbm.gov.in/sbmphase2/homenew.aspx वेबसाईट के लिंक द्वारा आवेदन करने का प्रावधान किया गया है, ठोस एवं तरल कचरा उचित निपटारा के लिए प्रखण्ड स्तरीय प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई हेतु प्रखंड स्तर पर तीन अदद यथा गढ़वा, चिनियां, एवं रमकंडा पूर्ण कर लिया गया है, एवं पंचायत स्तरीय प्लास्टिक सेग्रीगेशन शेड गढ़वा जिले के तीन प्रखण्डों यथा गढ़वा में 03, रमकंडा में 05 और चिनियाँ में 04 पंचायत स्तरीय प्लास्टिक सेग्रीगेशन शेड का निर्माण कार्य प्रगति पर है। गोबरधन योजना के तहत गोबर गैस प्लांट के अधिष्ठापन गढ़वा प्रखण्ड के जाटा पंचायत के ग्राम जाटा में निमार्णाधीन है। जिले के सभी ग्रामों को 5 स्टार मॉडल ग्राम के रूप में विकसित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके तहत 08 ग्रामों को 5 स्टार मॉडल ग्राम विकसित किया गया है।

अतः सभी गणमान्यजनों, पंचायत के जनप्रतिनिधि, जलसहिया, आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका ईत्यादि से अनुरोध है, कि जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों में अपना सहयोग प्रदान करें।

पत्रांक : 44/SBM (4) गढ़वा, दिनांक : 25/01/2024

कार्यपालक अभियंता
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़वा।

## एक नजर

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एसडीएम बिपिन दुबे को राज्यपाल ने किया सम्मानित



**महुआडांड़।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाता सूची में सुधार एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची निर्माण की दिशा में पूरे राज्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने को लेकर गुरुवार को महुआडांड़ एसडीएम बिपिन कुमार दुबे को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इसको लेकर प्रखंड वासियों में काफी खुशी देखी जा रही है। महुआडांड अनुमंडल वासियों ने इसे लेकर महुआडांड एसडीएम बिपिन कुमार दुबे को बधाई दी है।

### डीडीसी ने फल्गु नदी उद्गम स्थल में किया योजनाओं का शिलान्यास



**सिमरिया।** उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने गुरुवार को सिमरिया प्रखंड अंतर्गत बेलगड्डा ग्राम स्थित फल्गु नदी उद्गम स्थल पर मनरेगा द्वारा संचालित कंटूर वंड का निर्माण, गली पलंगिंग, लूज बॉर्डर स्ट्रक्चर, अरदेनडेम, वृक्षारोपण सहित अन्य योजनाओं का शिलान्यास किया। मौके पर प्रमुख, उप प्रमुख, जिप सदस्य देवनंदन साहु, भाजपा नेता लखन साहू, पंचायत के मुखिया नरेश साहू, बीपीओ राजेश पासवान, फल्गु निरंजना नदी उद्गम स्थल समिति के अध्यक्ष विशेष यादव, सचिव संजय यादव, कोषाध्यक्ष मुकेश यादव आदि मौजूद थे।

### थाना परिसर में बजरंगबली मंदिर निर्माण का भूमि पूजन



**गिद्धौर।** थाना परिसर में बजरंगबली मंदिर निर्माण को लेकर गुरुवार को भूमि पूजन पुरोहित शंभू कुमार पांडेय के मंत्रोच्चार के साथ किया गया। बताया गया कि रामनवमी के पहले मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा। इसके पश्चात प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित कर विधिवत पूजा अर्चना प्रारंभ की जाएगी। बताया गया कि थाना की स्थापना से आज तक थाना परिसर में मंदिर का निर्माण नहीं हो पाया था, जबकि कई बार मंदिर निर्माण को लेकर रणनीति बनाई गई थी। थाना प्रभारी गुलाम सरवर की पहल पर मंदिर निर्माण का कार्य विधिवत शुरू हो गया। थाना प्रभारी की पहल की ग्रामीणों ने सराहना की है। मौके पर पुलिस कर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

# डीसी-एसपी ने किया गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
उपायुक्त हिमांशु मोहन एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने परेड में शामिल सीआरपीएफ के जवानों, पुलिस बल के जवानों, एनसीसी कैडेट, छात्र-छात्राओं को कल दिनांक 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर जोश एवं उत्साह के साथ परेड करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने भी परेड की टुकड़ियों में शामिल लोगों को परेड के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### विधायक 10.50 बजे करेंगे झंडोत्तोलन

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में गणतंत्र दिवस मनाने की पूरी तैयारी की गई है। प्रखंड मुख्यालय के राजा मेदिनी राय इंटर कॉलेज में विधायक रामचंद्र सिंह 10.50 में झंडोत्तोलन करेंगे। इसके साथ ही अंबेडकर चौक समेत अन्य जगहों पर विधायक राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसके अलावा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सुबह 8:45 में प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी व प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय झंडोत्तोलन करेंगे। वहीं डीएसपी कार्यालय में एसडीपीओ दिलु लोहारा 9:05 बजे, पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय में इंस्पेक्टर अनिल उरांव 9:15 बजे, थाना परिसर में थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह 9:25 बजे, समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी 9:40 बजे, राजकीयकृत उच्च विद्यालय में 9:45 बजे, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में 9:50 बजे, राजकीय कन्या मवि में प्रभारी प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार 9:55 बजे, बीआरसी केंद्र में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र सिंह 10 बजे, पशु चिकित्सक कार्यालय में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार 10: 05 बजे, मॉडल स्कूल में 10:15 बजे, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में वार्डन रुबी गुप्ता द्वारा 10:30 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अली हसन अंसारी अपने में कार्यालय में 10.15 में, भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, कांग्रेस कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता, बरवाडी पंचायत सचिवालय में मुखिया कालो देवी समेत सभी पंचायत सचिवालय में संबंधित मुखिया झंडोत्तोलन करेगे। प्रखंड के सभी शिक्षण संस्थाओं, सरकारी एवं निजी कार्यालय में झंडोतोलन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

# बहादुर बिटिया काजल को उपायुक्त ने दी शुभकामना



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**
प्रखंड अंतर्गत हुसिया की 14 वर्षीय बहादुर काजल कुमारी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपायुक्त अब्बू इमरान ने शुभकामना देने के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की। ज्ञात हो कि काजल ने साहस व बहादुरी का परिचय देते हुए अपनी जान जोखिम में डाल कुएं में छलांग लगाकर डूब रहे पांच वर्षीय बच्चे की जान बचाई थी। इससे पूर्व करमा में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णण ने बहादुर काजल को वीरता पुरस्कार से नवाजा था। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत सिन्हा ने काजल को बेहतर शिक्षा मुहैया कराने को लेकर झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन करवाया है। गणतंत्र दिवस पर मयूरहंड स्टेडियम में काजल को सम्मानित प्रखंड प्रशासन द्वारा किया जाएगा।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर निकाली गई जागरूकता रैली

## पदाधिकारियों, कर्मियों, स्कूली बच्चों ने ली मतदान की प्रतिज्ञा




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर स्वीप कार्यक्रम के तहत जतराहीबाग मोड़ से समाहरणालय परिसर तक मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली गई। उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव की उपस्थिति में रैली के समाहरणालय पहुंचने के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी पदाधिकारी, कर्मी, विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाई। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन द्वारा समाहरणालय के सभा कक्ष में मतदाताओं के बीच वोटर कार्ड का वितरण किया गया। वहीं निर्वाचन के कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मनित किया गया।

### मतदाता दिवस पर दिलाई गई मतदान की शपथ

**गिद्धौर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर गुरुवार को प्रखंड कार्यालय के साथ सभी पंचायत सचिवालय व मतदान केंद्रों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। नए मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। साथ ही लोकतंत्र के महापर्व में अपने मत का प्रयोग अवश्य करने का आह्वान किया गया। बताया गया कि लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखना में मतदान करना आवश्यक है। मतदान किसी वर्ग जाति समुदाय व भाषा को देखकर नहीं बल्कि एक अच्छे प्रतिनिधि के चुनाव करने में करना चाहिए ताकि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो, संबंधित पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव के साथ कर्मी व नए मतदाता उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलाई गई मतदान करने की शपथ

**लातेहार।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप ने कहा कि 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग का गठन किया गया था। इसी के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन का उद्देश्य देश के नागरिकों को निर्वाचनों में भागीदारी हेतु जागरूक करना एवं लोकतंत्र को सशक्त बनाना है। उन्होंने 18 वर्ष पूर्ण सभी लोगों से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं सभी मतदाताओं से चुनाव में वोट देने की अपील की। अपर समाहर्ता ने सभी को निर्भीक होकर जाति, धर्म, वर्ग, समुदाय, भाषा एवं किसी भी तरह के प्रलोभन से प्रभावित हुये बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सह उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. परवेज, जिला भू- अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, भूमि सुधा उप समाहर्ता उदय आदि उपस्थित थे।

# वनकर्मियों ने सुअर मारकर गायब करने का आरोप लगाकर ग्रामीण के साथ की मारपीट

**भवनाथपुर।** पंडरिया पंचायत के घाघरा गांव के झरिवा टोले में गुरुवार को जंगली सुअर को मारे जाने की सूचना पर पहुंची वन विभाग के कर्मियों ने रामभजन साह नामक व्यक्ति पर सुअर मारकर गायब करने का आरोप लगाते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार से करने की बात कही। घटना के संबंध में पीड़ित ने बताया कि सुअर मारे जाने की खबर पर गुरुवार की सुबह वन विभाग के कर्मी कुंदन यादव व अन्य कर्मी घाघरा के झरिवा टोला में पहुंचकर मामले की बिना जांच किये ही गौशाला के पास से मेरे इंजीनियर पुत्र शशिलाल को खींचकर अपने वैन में बैठाने लगे। जब मैं इसका कारण पूछा तो कर्मियों ने मुझे पीटकर घायल कर दिया। ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा होते ही उक्त कर्मी मेरे पुत्र को छोड़कर भाग खड़े हुए। पीड़ित ने वनकर्मियों पर रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि बीते 7 दिसंबर को वनकर्मी कुंदन यादव व संजीत कुमार क्षेत्र भ्रमण पर झरिवा टोला में पहुंचे तो उनकी मुलाकात मुझसे हुई थी। उस समय सेल परिसर में गौशाला बनाने के नाम पर कुंदन यादव ने मुझसे 30 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। इसके बाद मैंने बीते 11 दिसंबर को भवनाथपुर टाउनशिप मुख्य पथ पर डीहवार बाबा के पास वनकर्मी कुंदन यादव को 20 हजार रुपये नकद दिये थे, जिसके बाद कुंदन यादव ने मुझे 200 सौ रुपये यह कहते हुए वापस दिया कि इस पैसे से फंदा खरीद लीजिए और सुअर मारकर हमलोगों को उसमें से पांच किलो सुअर का मांस भेज दीजिएगा। इस संबंध में पूछे जाने पर वन रक्षी कुंदन कुमार ने कहा कि मारपीट नहीं की गई है। पैसे लेने का आरोप बेबुनियाद है। उसके घर से सुअर मारने का फंदा बरामद हुआ है।

# हेमंत मंत्रिमंडल के फैसले का ओबीसी मंच ने किया स्वागत




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच की ओर से प्रेस वार्ता के माध्यम से ब्रह्मदेव प्रसाद, विनोद कुमार, राज नारायण पटेल, वीरेंद्र साव, राजकुमार साहू मंच के संयोजक मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मंत्रिमंडल द्वारा पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन कर योगेंद्र प्रसाद को उसका अध्यक्ष बनाए जाने पर मंच के सभी पदाधिकारी एवं सहयोगियों ने स्वागत किया है। इसके अलावे जाति जनगणना और ट्रिपल टेस्ट कराकर आसन नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने की बात की है। वहीं 50 वर्ष के अधिक उम्र के पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को वृद्धा पेंशन देने का आश्वासन दिया है। यह कदम स्वागत योग्य है। पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच ने प्रेसवार्ता के माध्यम से यह भी मांग की है कि सरकार पिछड़ा वर्ग के खेती, पशुपालन, व्यापार एवं कारीगरों को भी पेंशन दे। इसके साथ पिछड़ा वर्ग वित्त निगम आयोग का गठन कर पिछड़ा वर्ग के छात्र छात्राओं को शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध व बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराए।

**तैयारी** सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर डीसी ने की बैठक

# चतरा जिले में बनाए गए हैं 9 केंद्र, क्षमता 3708 की




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06524223013 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

नोटः– विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

"वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम"

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला।

PR 317019 (Rural Development) 23-24 (D)



### झारखंड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला

**अति अल्पकालीन ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्याः- 13/R1/2023-24/RWD/W/EE/GUMLA दिनांकः–24.01.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेंण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ GUMLA/ STPKG-12/ 2023-24 | पोकला रेल गुमटी से चितोपिरही तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–5.150 कि0मी0)<br>मुरगा से झोरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–9.900 कि0मी0)<br>पोरही से धरमपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.400 कि0मी0)<br>एस0एच0 टुरूडु से आमटोली पार्ट–बी0 तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.250 कि0मी0)<br>कोनडेलकेरा से बुरूहातु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–5.300 कि0मी0) | 1396.973 | तेरह करोड़ छियानबे लाख संतानबे हजार तीन सौ रू0 मात्र। | 09 माह | द्वितीय |
| 2 | RWD/ GUMLA/ STPKG-13/ 2023-24 | कपरी बी0पी0डी0पी0 रोड से फरसामा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.000 कि0मी0)<br>ममारला से बंगालोया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.400 कि0मी0)<br>पाकरटोली से जामटोली पार्ट–बी0 तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–6.500 कि0मी0)<br>नावाडीह से गांगरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.800 कि0मी0)<br>नारेकेला से नावाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.600 कि0मी0)<br>नारेकेला से लोहरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.600 कि0मी0)<br>एस0एच0 लोंगा से सिवाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.250 कि0मी0) | 1089.794 | दस करोड़ नवासी लाख उनासी हजार चार सौ रू0 मात्र। | 09 माह | द्वितीय |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 27.01.2024
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–05.02.2024 अपराहन 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 07.02.2024 अपराहन 03.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभिंयंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06524–465040 ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

"वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम"

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 316952 Rural Work Department(23-24)#D



### GOVERNMENT OF JHARKHAND
### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### NATIONAL HIGHWAYS DIVISION, GUMLA.
**Request for Proposal for Performance based Maintenance Contracts.**
**E-mail:** eenhgumlajhr@gmail.com / eenhgumla-jhr@nic.in

**(NIT-2nd Call)**
**NIT No. NH/GUMLA/PBMC/03/2023-24 (2nd Call)**
**Dated: 22.01.2024**

Application in the prescribed format form eligible contractors for Request for Proposal Performance based Maintenance Contracts (PBMC) mode are invited for following project in two bid systems, (Technical &Financial)

| Sl. No. | Name of Work | State | Length in km | Approximate Cost | Cost of RFP document in Rs | Bid Security | Contract Duration* (Month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PBMC Work of NH-78 (New NH-43) from km 0.00 to Km 10.00 (Total Length =10.00 Km) in the State of Jharkhand | Jharkhand | 10.00 | 74725880.00 | 10,000/- | 7.5 Lakh | 60 |

**Important Dates.**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Issue of Notice Inviting RFP | **22.01.2024** |
| 2. | Last Date for Receiving Queries | **12.02.2024** |
| 3. | Pre-BID Meeting at Venue (as mentioned in RFP) | 19.02.2024 at 12:30Hrs |
| 4. | Authority Response to Queries Latest by | 15.02.2024 |
| 5. | Period of Sale of Bid Document | From 29. 01.2024 up to 12:00 HRS to 29.02.2024 upto15:00 HRS Through official portal of: [https:// eprocure.gov.in] |
| 6 | BID Due Date | Date 29.02.2024 Up to 15:00 HRS Through official portal of: [https:// eprocure.gov.in] |
| 7. | Last date of physical submission of bid security, POA and other documents in original | 29.02.2024, up to 15.00 HRS |
| 8. | Time and Date of Opening Technical Bid (RFP) | Date 01.03.2024 up to 15:30 HRS Through official portal of: [https:// eprocure.gov.in] |
| 9. | Time and Date Opening Financial Bid | To be notify. Through official portal of: [https:// eprocure.gov.in] |
| 10. | Place of Opening of Bids | Office of the Chief Engineer, NH Wing, Jharkhand, Ranchi Through official portal of: [https:// eprocure.gov.in/] |
| 11. | Bid Validity | 120 Days from the Bid Due Date. |
| 12. | Officer Inviting Bids | Executive Engineer NH Division, Gumla. |

(a). Bid Document Fee (Cost of RFP document) which Rs. 10,000/-(Rupees Ten thousand only) shall be paid only through NTRP (Non –Tax Receipt Portal) Portal https://bharatkosh.gov.in to Pay & Accounts Officer (PAO: 034756 in "Regional Pay Accounts Officer [RPAO(NH), Kolkata code No. 034756 and DDO Code No. 202122 Purpose: Sale of Tender Documents.]. The GST of Rs. 1800/- (Rs. One Thousand Eight hundred only) applicable on the sale of tender document shall be submitted in the form of Demand Draft favoring "Regional Pay & Accounts Officer (NH), MORTH, Kolkata", payable at Kolkata.

(b). Bid Security "Bid Security of Rs. **7.5 Lakh** (Rupees Seven Lakh Fifty Thousand only) in the form Original Band Guarantee in the format as mentioned in RFP from a scheduled Bank in favor of Executive Engineer, National Highway Division, Gumla. Bid Security in the form of B.G. only will have to be deposited in any office of the (i) Executive Engineer, National Highway Division, Gumla (ii) Superintending Engineer, National Highway Circle, Ranchi (iii) Chief Engineer, National Highway Wing, Ranchi (iv) Regional Officer, Ministry of Road Transport & Highway, Jharkhand Ranchi on before 17:00 HRS on **29.02.2024** failing which the bid will be rejected.

"Nothing like voting, I vote for sure"

Sd/-
Executive Engineer
National Highway Division, Gumla

PR 316957 (Road)23-24*D

**माता बालक की प्रथम गुरु और सखा होती है इसलिए माँ का फर्ज बनता है की बालक को सही शिक्षा प्रदान करे : अज्ञात**



# धार्मिक पर्यटन नया उद्योग

संघर्ष भरे जीवन, अपार्टमेंट या छोटे घरों की सीमित गतिविधियां और भाग दौड़ के तनाव से ऊबे हुए लोग या तो उस माहौल से दूर अपनी क्षमता और सुविधा से जाना चाहते हैं या स्वयं को प्रभु की शरण में छोड़ देते हैं। ऐसे में पर्यटन सबसे बढ़िया विकल्प होता है जहां से लोग तरोताजा होकर नई ऊर्जा के साथ लौटते हैं उसमें भी खुशी, शांति, आस्था, धार्मिकता और प्रसन्नता का माध्यम बनता है धार्मिक पर्यटन। पहले आवागमन के साधन सीमित थे तो तीर्थ यात्रा बहुत ही कठिन मानी जाती थी और बीच में धर्म से लोग विमुख भी हुए थे पर हाल में धर्म के प्रति लोगों का झुकाव और संचार के साधनों की बढ़ोत्तरी से धार्मिक पर्यटन बहुत तेजी से बढ़ रहा उद्योग का रूप ले रहा है ।25 जनवरी को भारतीय पर्यटन दिवस मनाया जाता है। भारत की सांस्कृतिक विविधता, धार्मिकता, ऐतिहासिकता और प्राकृतिक सौंदर्य के साथ अनुकूल मौसम के कारण, आज का दिन देश की अर्थव्यवस्था को बल देने के साथ पर्यटन के महत्व को उजागर करने के लिए है। भारत में अनेक धार्मिक स्थल हैं, जो देश-विदेश के पर्यटकों के आस्था का केंद्र है। जहां हजारों-लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और मंदिरों की भव्यता देख मुग्ध हो जाते हैं शांति एवं धार्मिकता का अनुभव करते हैं। भारत की परंपरा, आस्था, धर्म और संस्कृति की अलग ही पहचान है। यहां ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की भरमार है। भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों का देश कहा जाता है। एक अनुमान के अनुसार, देशभर में पांच हजार से अधिक सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं। अब उनमें एक और स्थान जुड़ गया- अयोध्याधाम। काशी, प्रयागराज और अयोध्या धाम धार्मिक पर्यटन के सबसे बड़े स्वर्ण त्रिकोण में शामिल हो गये हैं, अयोध्या में श्रीराम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले ही दिन पांच लाख लोगों ने दर्शन किये, वैसे सामान्य तौर पर अनुमान है कि यहां साल भर में संख्या 10 करोड़ को पार कर सकती है। भारत के हिन्दू मन्दिरों ने पर्यटन को पंख लगा दिये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं काशी की कायाकल्प करके दुनियाभर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया है।धर्म और अध्यात्म भारत की आत्मा है। यह धर्म ही है, जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एकात्मता के सूत्र में बांधता है। भारत की सभ्यता और संस्कृति का अध्ययन करते हैं तो हमें साफ दिखायी देता है कि धार्मिक पर्यटन हमारी परंपरा में रचा-बसा है। तीर्थाटन के लिए हमारे पुरखों ने पैदल ही इस देश को नापा है। भारत के सबसे प्रसिद्ध तीर्थस्थलों में आंध्रप्रदेश का तिरुपति भी एक है, यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। इस मंदिर में आए पर्यटक मंदिर की दक्षिण भारतीय वास्तुकला और शिल्पकला को देखते ही रह जाते हैं। मान्यता है कि, यहां आने के बाद व्यक्ति को जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्ति मिल जाती है। ओडिशा के तटवर्ती शहर पुरी में स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर हिंदुओं के चार धाम में से एक माना जाता है। यहां हर साल जून में होने वाला रथ यात्रा उत्सव विश्व प्रसिद्ध है, जिसमें भारत समेत विदेशों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं।

**भारत की सांस्कृतिक विविधता, धार्मिकता, ऐतिहासिकता और प्राकृतिक सौंदर्य के साथ अनुकूल मौसम के कारण, आज का दिन देश की अर्थव्यवस्था को बल देने के साथ पर्यटन के महत्व को उजागर करने के लिए है। भारत में अनेक धार्मिक स्थल हैं, जो देश-विदेश के पर्यटकों के आस्था का केंद्र है। जहां हजारों-लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और मंदिरों की भव्यता देख मुग्ध हो जाते हैं शांति एवं धार्मिकता का अनुभव करते हैं। भारत की परंपरा, आस्था, धर्म और संस्कृति की अलग ही पहचान है। यहां ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की भरमार है। भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों का देश कहा जाता है।**

इन दिनों

# राघव रंग में डूबा भारतीय गणतंत्र



डॉ. अर्पण जैन 'अविचल'



***अरुण*** की लालिमा फैलने लगी, दसों दिशाओं में भारत की गूंज उठने लगी, वैश्विक रूप से मजबूत होता भारत अमृत काल की अमृत बेला का नेतृत्व करने लगा, विश्व में भारत भारती का जयघोष होने लगा, क्या अमेरिका, क्या ब्रिटेन, सभी राष्ट्राध्यक्ष अब केवल भारत की नीतियों से चमत्कृत हो रहे हैं। जब पश्चिम अपनी सांध्य बेला में भारत की बाँसुरी को सुनकर आनंदित हो रहा है, नीतियों में शिक्षा, जनसँख्या नियंत्रण, स्वरोजगार प्रथम हो रहा है, 'मेक इन इंडिया' और स्टार्टअप भारत वाला प्रभाव अब विश्व को भारत की ओर आकर्षित कर रहा है, साथ-साथ भयाक्रांत भी कर रहा है कि अब भारत एक्सपोर्टर भारत है जहाँ इम्पोर्ट कम और एक्सपोर्ट अधिक है। आर्थिक स्वाधीनता और आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम देश की आधारभूत लोकतंत्रीय व्यवस्था का ही परिणाम है और इसी कारण अंतरराष्ट्रीय संबंधों में आई मधुरता और वैश्विक रूप से स्वीकार्यता में वृद्धि भारत की गणतंत्रीय सबलता के सर्वव्याप्त यश का ही प्रतिफल है। भारत की गणतंत्रीय गरिमा भी अपने 75वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। सन 1949 को तैयार हुआ व 1950 को लागू हुआ भारत का संविधान 75वें वर्ष में जागृत और निष्कलंक रहा, सब जगह उँगलियाँ उठीं पर भारत के संविधान से भारतवंशियों की आस्था कम नहीं हुई। भारत के संविधान के निर्माताओं ने प्रथम पृष्ठ पर रामदरबार इसीलिए चुना भी है कि भारत का राजकाज भी रामराज्य जैसा ही न्यायप्रिय, संवेदनशील, सजग और सहानुभूति कारक हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमृतकाल के पंच प्रण के साथ आगे बढ़ता भारत इस वर्ष तो लगभग 500 वर्षीय विवाद का हल भी दे गया जिसमें लोग अयोध्या में स्थित आराध्य राम की जन्मभूमि पर राम लला के मंदिर निर्माण का साक्षी बनकर गणतंत्र भी राघवमय हो रहा है। भारत के संविधान पर आस्था इसलिए भी होनी चाहिए क्योंकि जिस संविधान ने यह स्पष्ट किया कि भारत राज्यों का एक संघ है। यह संसदीय प्रणाली की सरकार वाला एक स्वतंत्र प्रभुसत्ता सम्पन्न समाजवादी लोकतंत्रात्मक गणराज्य है। यह गणराज्य भारत के संविधान के अनुसार शासित है जिसे संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को ग्रहण किया गया तथा जो 26 जनवरी 1950 को प्रवृत्त हुआ। भारतीय संविधान की उद्देशिका यह कहती है कि 'हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता, प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित कराने वाली, बन्धुता बढ़ाने के लिए, दृढ़ संकल्पित होकर अपनी संविधानसभा में 26 नवम्बर 1949 (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत 2006 विक्रमी) को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। ऐसे महान उद्देश्यों और मनोभावों वाली संरचना से ही भारत की अखण्डता अक्षुण्ण है। भारत की आधारभूत मजबूती और संघीय संरचना का केंद्र भारतीय संविधान है। इसी ने गण और तंत्र के बीच मध्यस्थ की भूमिका में पुल बनाकर राष्ट्र को सबल किया है। विगत एक दशक में भारत के संविधान में आश्चर्यजनक परिवर्तन नजर आए जैसे कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हट जाना और फिर कश्मीर समस्या का हल ही हो जाना, तीन तलाक जैसी विषैली और मुस्लिम स्त्री विरोधी व्यवस्था का ध्वस्त हो जाना, कई सौ बेकार के कानूनों का संविधान से लोपित हो जाना, एक देश-एक विधान-एक निशान जैसी व्यवस्था का निर्माण हो जाना, संविधान प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करके हर व्यक्ति को उसका मौलिक अधिकार रोटी, कपड़ा और मकान मिलना भी राजनीति की उत्कृष्ट मंशा का सुफल है। इसी के साथ 1884 से न्यायालयों में विचाराधीन रखे जन्मभूमि विवाद को हल करके 22 जनवरी 2024 को मंदिर में राष्ट्रदेव राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा करके यह सन्देश दे दिया कि भारत विवाद नहीं बल्कि विस्तार चाहता है। आन्तरिक या कहें घरेलू विवादों को सिरे से हल करने की राजनैतिक मंशा का हमेशा स्वागत होना चाहिए, वह हो भी रहा है। संविधान लागू होने के साथ ही बीते 74 वर्ष में भारत ने राजधर्म और प्रजाधर्म का पालन संविधान प्रदत्त शक्तियों की सहायता से ही किया है और इसी राजधर्म के केंद्र में राम राज्य की संकल्पना भी हमेशा रही है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम के राज्य की सत्यनिष्ठ, धर्मप्रधान और न्यायपूर्ण राजनीति भारत के बौद्धिक विकास की आधारशिला रही है। इसी आधारभूत संरचना के सहारे आज भारत में रामलला की जन्मभूमि पर उनका मंदिर निर्मित हो पाया है। संवैधानिक शक्तियों और न्यायपालिका के निर्णय ने ही यह बताया कि राघव की जन्मभूमि पर मंदिर का निर्माण होगा। रामजन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा था कि 'ये भारत के विकास का अमृतकाल है। आज भारत युवा शक्ति की पूंजी से भरा हुआ है, ऊर्जा से भरा हुआ है। ऐसी सकारात्मक परिस्थितियाँ, फिर न जाने कितने समय बाद बनेंगी। हमें अब चूकना नहीं है, हमें अब बैठना नहीं है। मैं अपने देश के युवाओं से कहूँगा, आपके सामने हजारों वर्षों की परंपरा की प्रेरणा है।

**आर्थिक स्वाधीनता और आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम देश की आधारभूत लोकतंत्रीय व्यवस्था का ही परिणाम है और इसी कारण अंतरराष्ट्रीय संबंधों में आई मधुरता और वैश्विक रूप से स्वीकार्यता में वृद्धि भारत की गणतंत्रीय सबलता के सर्वव्याप्त यश का ही प्रतिफल है। भारत की गणतंत्रीय गरिमा भी अपने 75वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। सन 1949 को तैयार हुआ व 1950 को लागू हुआ भारत का संविधान 75वें वर्ष में जागृत और निष्कलंक रहा, सब जगह उँगलियाँ उठीं पर भारत के संविधान से भारतवंशियों की आस्था कम नहीं हुई।**

## आपकी बात

### बड़े मंदिर बनें जहां बैठक हों



कृष्णा सिंह

बड़े मंदिर बनें जहां बैठक हों राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से लोगों में भक्ति भाव जग गया है और प्रधानमंत्री मोदी जी के आह्वान पर ठंढ की परवाह किए बिना देश भर में मंदिरों की जिस तरफ सफाई हुई उससे लगा कि हम महिलाएं भी बहुत कुछ कर सकती हैं । बहुत से मंदिर उपेक्षित हैं उनका भी जीर्णोद्धार हो और जो नए मंदिर बने उनमें इतनी जगह राखी जाए कि लोग बैठकर बातें कर सकें खास तौर पर महिलाएं जिससे मुहल्लों टोलो और गाँव शहरों में महिलाओं में एकता की भावना बढ़ेगी और घर की एकरसता दूर होगी। सरकार को भी चाहिए धुमकुड़िया की तरह मंदिर के साथ कम्यूनिटी हॉल बनवाए जिससे गाँव से लेकर शहर तक के धार्मिक सामाजिक आयोजन हो सकें और शादी विवाह भी सादगी से किए जा सकें । सदियों पहले भजन कीर्तन होते थे उसे पुरातनपंथी बताकर लोगों ने छोड़ दिया था उसे फिर से शुरू किया जाए ।

**(अध्यक्ष, मां महिला समिति, पंडरा, रांची)**

### सम्मान के साथ मेदिनीराय की प्रतिमा पुर्नस्थापित हो



अमित गुप्ता

जब किसी भी काल में किसी व्यक्ति की प्रतिमा स्थापित की जानी होती है तो उसके लिए ऐसे व्यक्तित्व का तलाश किया जाता है जिसके कर्म इतिहास के पन्नों पर स्वर्ण अक्षरों में निसंकोच उल्लेखित किए गए हों या भविष्य में उल्लेखित किए जा सकेंगे । उचित वक्तित्व के चयन के बाद जब प्रतिमा स्थापित की जाती है तो उस क्षेत्र का पग - पग गौरवान्वित हो उठता है जहां उस महान व्यक्तित्व की जन्मभूमि अथवा कर्मभूमि रही हो । इसके साथ ही वहां के निवासी जो के लिए , जो उनके व्यक्तिव से ओतप्रोत रहे हैं, जिसे अपना आदर्श मानते रहे हैं, उसे स्थापित प्रतिमा के रूप में नित्य देखना उनके लिए एक अद्भुत हर्ष एवं प्रेरणा का श्रोत बन जाता है । ऐसे में अकारण ही किसी प्रतिमा को उखाड़कर फेक देना नैतिक रूप से गिरे हुए मानसिकता का द्योतक है । जिसकी मैं कड़ी निन्दा करता हूं । ठीक ऐसा ही हुआ है पलामू के मुख्यालय मेदिनीनगर में । जिसके नाम से ही जिले के मुख्यालय का नाम रखा गया हो उन्हे यथोचित सम्मान देने के बजाय उनके स्थापित प्रतिमा को उखाड़कर फेंक देना घोर अपमान का परिचायक है । मैं उस प्रतापी एवं यशस्वी राजा मेदिनी राय बहादुर की बात कर रहा हूं जिन्होंने कभी मुगलों या अंग्रेजों की दासता स्वीकार नहीं की ।

**(शिक्षक सह युवा विचारक)**

देश-विदेश

# अडाणी समूह पर हुए हमले को किया विफल



गौतम अडाणी

***हमें*** अतीत में जीना नहीं चाहिए लेकिन उससे सीख लेते हुए निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। आज का दिन भी ऐसा ही मौका है। ठीक एक साल पहले न्यूयार्क स्थित शार्ट सेलर फर्म ने तथा कथित शोध रिपोर्ट पेश करते हुए अडाणी समूह के खिलाफ आरोपों का संकलन सार्वजनिक किया था। संकलन इसलिए कहा क्योंकि उसमें उल्लेखित तमाम आरोप, हमारे विरोधी समय-समय पर पहले भी लगाते रहे थे। कुल मिलाकर, यह प्रकट और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी से प्राप्त चुनिंदा अर्धसत्यों का एक चालाकी से तैयार किया गया मसौदा भर ही था। इन आरोपों को सिरे से खारिज कर हमने त्वरित प्रतिक्रिया दी लेकिन हमारी प्रतिक्रिया पर इस बार तथ्यहीन आरोप हावी हो रहे थे। शेयर बाजार और राजनीतिक बयानबाजी ने हमें कुछ ही समय में मामले की गंभीरता का अहसास करा दिया था। शॉर्ट-सेलिंग हमलों का प्रभाव आम तौर पर वित्तीय बाजारों तक ही सीमित होता है। लेकिन यह एक अनोखा द्वि-आयामी हमला था - एक वित्तीय और दूसरा राजनैतिक। दोनों क्षेत्रों का प्रभाव एक दूसरे पर पड़ा मीडिया में कुछ लोगों की सहायता और प्रोत्साहन से हमारे खिलाफ झूठ इतना प्रभावी था कि हमारे पोर्टफोलियो की जमीनी वास्तविकतायें धूल धूसरित होती महसूस हो रही थीं। ऐसा इसलिए था क्योंकि आमतौर पर पूंजी बाजार तर्कसंगत से अधिक भावनात्मक होते हैं। मुझे अधिक चिन्ता इस बात की हो रही थी कि हजारों छोटे निवेशकों अपनी बहुमूल्य बचत खो रहे थे। साथ ही, देश के लिहाज से भी चिंता का विषय यह था कि यदि हमारे विरोधियों की योजना पूरी तरह से सफल हो जाती तो डोमिनो प्रभाव (एक के प्रभाव से दूसरे का गिरना) से बंदरगाहों, हवाई अड्डों से लेकर बिजली उत्पादन-आपूर्ति श्रृंखला तक कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की संपत्तियों को नुकसान पहुंच सकता था। यह किसी भी देश के लिए एक भयावह स्थिति ही होती। लेकिन ईश्वर की कृपा और तमाम साथियों की सामूहिक कोशिशों से हम इस संकट से उभरे और मजबूत स्थिति में पहुंच गये।

**शेयर बाजार व राजनीतिक बयानबाजी ने हमें मामले की गंभीरता का अहसास करा दिया था। शॉर्ट-सेलिंग हमलों का प्रभाव आम तौर पर वित्तीय बाजारों तक ही सीमित होता है।**



बोधि वृक्ष

## काशी विश्वनाथ मंदिर का इतिहास

काशी विश्वनाथ मंदिर में एक मुहर या भगवान अविमुक्तेश्वर 9-10 शताब्दी ईसा पूर्व की है जो राजघाट की खुदाई में खोजी गई थी। मंदिर का उल्लेख में भी मिलता है जो 635 ई. में बनारस आये थे। इसका उल्लेख स्कंद पुराण में भी मिलता है। बारह ज्योतिर्लिंग हैं: गुजरात में सोमनाथ, आंध्रप्रदेश के श्रीशैलम में मल्लिकार्जुन, मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकालेश्वर, मध्य प्रदेश में ओंकारेश्वर, उत्तराखंड में केदारनाथ, महाराष्ट्र में भीमाशंकर, उत्तर प्रदेश के वाराणसी में विश्वनाथ, महाराष्ट्र में त्र्यंबकेश्वर, वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग, देवघर झारखंड, गुजरात में द्वारका में नागेश्वर, तमिलनाडु में रामेश्वरम और महाराष्ट्र के औरंगाबाद में घनेश्रवर शिव पुराण में ज्योतिलिंगों की कहानी का उल्लेख है। किंवदंती के अनुसार एक बार त्रिदेवों में से दो, विष्णु और ब्रह्मा के बीच लड़ाई हुई थी कि कौन बेहतर है। उनका परीक्षण करने के लिए, त्रिदेव शिव ने प्रकाश के एक विशाल अंतहीन स्तंभ के रूप में तीनों लोकों को छेद दिया, जिसे ज्योतिर्लिंग कहा जाता है। ज्योतिर्लिंग शिव के प्रतीक हैं, जो लगभग पूरे आर्यावर्त में फैले हुए हैं। विष्णु और ब्रह्मा को इस प्रकाश का अंत खोजना था। ब्रह्मा और विष्णु ने विपरीत दिशाओं में भाग लिया। ब्रह्मा ने ऊपर की ओर और विष्णु ने नीचे की ओर अपनी यात्रा शुरू की. ब्रह्मा ने झूठ बोला कि उन्हें अंत मिल गया, जबकि विष्णु ने ईमानदारी से अपनी हार स्वीकार कर ली। शिव भगवान ब्रह्मा जी के झूट बोलने से नाराज हो गए ।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# नरेन्द्र मोदी के राम एवं राष्ट्र को समझें



ललित गर्ग

***केंद्रीय*** मंत्रिमंडल ने अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम मंदिर के सफल प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और एक धन्यवाद प्रस्ताव में कहा कि लोगों द्वारा उनके प्रति दिखाये गये प्यार और स्नेह ने उन्हें 'जननायक' के रूप में स्थापित किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा पढ़े गये इस प्रस्ताव में मोदी को एक नये युग का अग्रदूत बताया गया। क्योंकि उन्हीं की अगुवाई में सोमवार को अयोध्या में संपन्न कार्यक्रम में नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रस्ताव में यह भी कहा गया, हम कह सकते हैं कि 1947 में इस देश का शरीर स्वतंत्र हुआ था और अब इसमें आत्मा की प्राण-प्रतिष्ठा हुई है। निश्चित ही मोदी अब इस नये युग के प्रवर्तन के बाद, नवयुग प्रवर्तक के रूप में भी सामने आये हैं। श्रीरामलला के नूतन विग्रह में प्राण-प्रतिष्ठा की अपूर्व एवं अलौकिक घटना भारत के लिये युगांतरकारी है। हम एक नये युग में पदार्पण कर रहे हैं। यह नवयुग एवं नया दौर आशा और विश्वास के साथ ही जिम्मेदारियों से भरा है। नरेन्द्र मोदी के महान एवं ऊर्जस्वल व्यक्तित्व को एक राजनीतिक दल के सर्वोच्च नेता के सीमित दायरे में बांधना उनके व्यक्तित्व को सीमित करने का प्रयत्न है। उन्हें नये राष्ट्र का निर्माता कहा जा सकता है। मोदी जैसे व्यक्ति दो-चार नहीं, अद्वितीय होते हैं। उनका गहन चिन्तन राष्ट्र के आधार पर नहीं, वर उनके चिन्तन में राष्ट्र अपने को खोजता है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के माध्यम से स्वस्थ मूल्यों को स्थापित करके राष्ट्र को सजीव एवं शक्ति सम्पन्न बनाने का प्रयत्न किया है। राष्ट्र-निर्माण की कितनी नयी-नयी कल्पनाएं उनके मस्तिष्क में तरंगित होती रहती हैं। अयोध्या में भगवान श्रीराम के 'भव्य, दिव्य मंदिर' की प्राण-प्रतिष्ठा उनके ही संकल्पों की निष्पत्ति है। इसके साथ ही प्राण-प्रतिष्ठा की यह तारीख आने वाले हजारों वर्षों के लिये एक उजाला एवं संकल्प बनते हुए नये इतिहास का सृजन करने वाली शुभ एवं श्रेयस्कर गति है। जैसा कि नरेन्द्र मोदी ने कहा है, 'यह नये इतिहास-चक्र की भी शुरूआत' है।

**निश्चित ही मोदी अब इस नये युग के प्रवर्तन के बाद, नवयुग प्रवर्तक के रूप में भी सामने आये हैं। श्रीरामलला के नूतन विग्रह में प्राण-प्रतिष्ठा की अलौकिक घटना भारत के लिये युगांतरकारी है।**

## टेक वर्ल्ड

### जीमेल के भर जाने से परेशान हैं तो ऐसे फ्री में पाये स्टोरेज

गूगल ड्राइव से लेकर डॉक्स और गूगल शीट तक सभी आपकी जीमेल से कनेक्ट रहते हैं और ऐसे में स्पेस भी एक ही जगह यूटिलाइज होता है। अगर आपके फोन का कनेक्शन जीमेल के साथ सिंक है तो आपकी सभी फोटो आदि भी गूगल फोटोज पर अपलोड रहती हैं। आज टेक्नोलॉजी की दुनिया में शायद ही ऐसा कोई व्यक्ति हो जो जीमेल और उसे संबंधित दूसरे ऐप्स का प्रयोग ना करता हो। गूगल ड्राइव से लेकर डॉक्स और गूगल शीट तक सभी आपकी जीमेल से कनेक्ट रहते हैं और ऐसे में स्पेस भी एक ही जगह यूटिलाइज होता है। अगर आपके फोन का कनेक्शन जीमेल के साथ सिंक है तो आपकी सभी फोटो आदि भी गूगल फोटोज पर अपलोड रहती हैं, ऐसे में कई लोगों के साथ समस्या आती है कि उनका जीमेल जल्दी फुल हो जाता है। ऐसे में चलिए जानते हैं कुछ तरीकों को जिससे आप बिना पैसे खर्च किये और अधिक स्पेस का इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि आपको बता दें कि यहां पर आपको 15 का स्पेस फ्री मिलता है लेकिन अगर आप? 130 और खर्च करते हैं तो 100 जीबी मंथली के हिसाब से आपको अतिरिक्त स्टोरेज मिलती है, लेकिन अगर फ्री में अपने जीमेल का स्पेस बढ़ाना चाहते हैं तो निम्नलिखित टिप्स पर गौर करें। जी हां पहला पॉइंट यह है की सबसे पहले अपना जीमेल अकाउंट ओपन करें और टॉप सर्च ऑप्शन में जाएँ।




(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### गुजरात के पांच आईपीएस अधिकारियों को गणतंत्र दिवस पर मिलेगा राष्ट्रपति पदक

**अहमदाबाद।** गणतंत्र दिवस पर इस बार गुजरात के 5 आईपीएस अधिकारियों को राष्ट्रपति पदक दिया जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था का कार्य देखने वाले एसपीजी में आईजी आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन भगत, अहमदाबाद रेंज के आईजी प्रेमवीर सिंह, अहमदाबाद के ट्रैफिक एडिशनल पुलिस कमिश्नर नरेन्द्र चौधरी, बीएसएफ के डीआईजी मनिन्दर प्रताप सिंह पवार और सीबीआई से डेप्युटेशन से वापस आए गुजरात कैडर के राधवेन्द्र वत्स का नाम शामिल हैं। राजीव रंजन भगत 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। इनका जन्म बिहार में 1 अप्रेल 1968 को हुआ था।

### वीरता और सेवा पदक से सम्मानित हुए 1132 पुलिसकर्मी

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यों के पुलिस सेवा, अग्निशमन सेवा, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवा में कार्यरत 1132 पुलिसकर्मियों को वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। यह जानकारी गृह मंत्रालय ने गुरुवार को दी। मंत्रालय के अनुसार 277 वीरता पदकों में से जम्मू-कश्मीर पुलिस के 72 कर्मियों, महाराष्ट्र के 18 पुलिसकर्मियों, छत्तीसगढ़ के 26 पुलिसकर्मियों, झारखंड के 23 पुलिसकर्मियों, ओडिशा के 15 पुलिसकर्मियों, दिल्ली के 08 पुलिसकर्मियों, सीआरपीएफ के 65 पुलिसकर्मियों, एसएसबी से 21 कर्मियों को प्रदान किए गए हैं। वहीं शेष कर्मी अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों से हैं। मंत्रालय के अनुसार 277 वीरता पदकों में से जम्मू-कश्मीर पुलिस के 72 कर्मियों, महाराष्ट्र के 18 पुलिसकर्मियों, छत्तीसगढ़ के 26 पुलिसकर्मियों, झारखंड के 23 पुलिसकर्मियों, ओडिशा के 15 पुलिसकर्मियों, दिल्ली के 08 पुलिसकर्मियों, सीआरपीएफ के 65 पुलिसकर्मियों, एसएसबी से 21 कर्मियों को प्रदान किए गए हैं। शेष कर्मी अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों से हैं।

### वडोदरा झील नौका हादसे के मुख्य आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**वडोदरा।** गुजरात में वडोदरा शहर के बाहरी क्षेत्र में एक झील में नौका के पलट जाने के मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को उस व्यक्ति को गिरफ्तार किया जो हरनी झील में मनोरंजन क्षेत्र में सभी प्रकार के संचालन का जिम्मा संभालता था। झील में नौका पलटने से 12 छात्रों और दो शिक्षकों की मौत हो गई थी। एक और व्यक्ति की गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। इस मामले में 19 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी परेश शाह को आज सुबह शहर के बाहरी इलाके से एक राजमार्ग से गिरफ्तार किया गया। शाह के परिजन ह्यकोटिया प्रोजेक्ट्स में साझेदार हैं और उसे ही हरनी इलाके में मोटनाथ झील में नौकाएं संचालित करने तथा मनोरंजन से जुड़े अन्य क्रिया कलाप करने का ठेका नगर निकाय ने दिया था।

### ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट के लिए दोनों पक्षों ने किया आवेदन, जल्द मिल सकती है हार्ड कॉपी

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वे रिपोर्ट को दोनों पक्षों को दिए जाने का फैसला एक दिन पहले यानी बुधवार को ही आया। इसी क्रम में गुरुवार को मुकदमे से संबंधित दोनों पक्षों की ओर से सर्वे रिपोर्ट की नकल के लिए प्रार्थना पत्र देकर आवेदन किया गया है। ज्ञानवापी परिसर की भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की सर्वे रिपोर्ट की नकल के लिए मुकदमे से संबंधित पक्षकारों ने गुरुवार को अदालत में प्रार्थना पत्र दिया। संभावना जताई जा रही है कि पक्षकारों को एएसआई की सर्वे रिपोर्ट की हार्ड कॉपी जल्द मिल सकती है। बता दें कि अदालत ने बुधवार को एएसआई रिपोर्ट दोनों पक्षों को दिए जाने के आदेश के साथ ही कहा कि 800 पेज की रिपोर्ट ईमेल के जरिये नहीं मिलेगी। हर पक्ष को 3500 रुपये जिला अदालत के कोषागार में जमा कराकर रिपोर्ट लेनी होगी। जिला जज डॉक्टर अजय कृष्णा की अदालत ने ज्ञानवापी परिसर की एएसआई की सर्वे रिपोर्ट सभी पक्षकारों और डीपी को देने का आदेश दिया है अदालत ने सर्वे रिपोर्ट की मीडिया कवरेज पर किसी तरह की रोक भी नहीं लगाई है।

# राष्ट्रपति ने 31 लोगों को जीवन रक्षा पदक श्रृंखला के पुरस्कार देने की दी मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति ने 31 व्यक्तियों को जीवन रक्षा पदक श्रृंखला पुरस्कार- 2023 प्रदान करने की मंजूरी दी है। इनमें 03 लोगों को सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक, 07 लोगों को उत्तम जीवन रक्षा पदक व 21 लोगों को जीवन रक्षा पदक सम्मिलित हैं। तीन व्यक्तियों को यह पुरस्कार मरणोपरांत प्रदान किया गया है। यह जानकारी गुरुवार को गृह मंत्रालय ने दी।

**इन्हें मिलेगा सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक :** मास्टर एंथोनी वानमाविया (मरणोपरांत), मिजोरम, मेलोडी लालरेमरूती (मरणोपरांत), मिजोरम, सूरज आर (मरणोपरांत), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल।

उल्लेखनीय है कि जीवन रक्षा पदक श्रृंखला के पुरस्कार किसी व्यक्ति की जान बचाने में मानवीय प्रकृति के सराहनीय कार्य के लिए प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार तीन श्रेणियों, सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक, उत्तम जीवन रक्षा पदक, एवं जीवन रक्षा पदक, में प्रदान किया जाता है। जीवन के सभी क्षेत्रों से जुड़े व्यक्तियों इन पुरस्कारों के पात्र हैं। ये पुरस्कार मरणोपरांत भी प्रदान किए जाते हैं। इस पुरस्कार के अलंकरण (मेडल, केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र एवं एकमुश्त मौद्रिक भत्ता) पुरस्कार प्राप्तकर्ता को यथा समय उस केंद्रीय मंत्रालय / संगठन / राज्य सरकार द्वारा प्रदान किए जाते हैं, जिससे पुरस्कार प्राप्तकर्ता संबंधित है।

### इन्हें दिया जाएगा जीवन रक्षा पदक

साहिल भीसु लाड, गोवा, काजल कुमारी, झारखण्ड, नवीन कुमार डी, तेलंगाना, विनोद कुमार, सीमा सड़क संगठन, हवलदार शेरा राम, रक्षा मंत्रालय, मुकेश कुमार, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, नरेश कुमार, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण। एम एस अनिल कुमार, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह, जीतम परमेश्वर राव, आंध्र प्रदेश,समरजीत बसुमतारी, असम, सुदेश कुमार, चंडीगढ़, जस्टिन जोर्ज, केरल,विल्सन, केरल,पद्मा थिंलेस, लद्दाख, मोहम्मद अफजल, लद्दाख,आदीका राजाराम पाटील, महाराष्ट्र, प्रीयंका महाराष्ट्र, सोनाली सुनील बालोडे, महाराष्ट्र, मारिया माइकल ए, तमिलनाडु, एस विजयकुमार, तमिलनाडु, नरेश जोशी, उत्तराखंड,अर्जुन मलिक, सीमा सड़क संगठन,अमित कुमार सिंह, सीमा सुरक्षा बल, शेर सिंह, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सोनू शर्मा, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल,अबदुल हमीद, रक्षा मंत्रालय,सुनील कुमार मिश्रा, रक्षा मंत्रालय,शशिकांत कुमार, रेल मंत्रालय।

# बिहार : सर्दी से 24 घंटे में 5 लोगों की मौत, दो बच्चे शामिल

**एजेंसी। पटना**

बिहार में पड़ रही कड़ाके की सर्दी और शीतलहर से पिछले 24 घंटे के भीतर राज्य में पांच लोगों की मौत हो गयी। राज्य के अलग-अलग जिलों मुजफ्फरपुर, गोपालगंज , बक्सर, लखीसराय और छपरा में सर्दी से मरने वालों में सिपाही और दो स्कूली बच्चे शामिल हैं। मुजफ्फरपुर के बोचहां प्रखंड में कक्षा छह के बच्चे की बुधवार को मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि छात्र कुर्बान सुबह स्कूल गया था। 10 बजे के बाद वह कांपता हुआ घर पहुंचा। घर आते-आते उसकी तबीयत काफी बिगड़ जाने पर उसे चिकित्सक के पास ले जाया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। मुजफ्फरपुर डीएम प्रणव कुमार ने कहा कि बोचहां में ठंड से बच्चे की मौत हुई है, जबकि दूसरी जगह एक बच्ची के बेहोश होने की सूचना है। गोपालगंज के 45 वर्षीय शंभू राय की ठंड लगने से मौत हो गयी। शंभू राय पुलिस लाइन डेहरी में पदस्थापित थे। बुधवार को उनकी तबीयत खराब हो गयी और उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं, बक्सर जिले के सिमरी रामोपट्टी में खेत में पटवन कर घर लौटे किसान चंद्रदीप राम की घर जाते ही तबीयत बिगड़ गयी। परिजन उन्हें तुरंत स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां से पीएमसीएच जाने के क्रम में चंद्रदीप की मौत हो गयी। लखीसराय के कजरा प्राथमिक विद्यालय श्रीघना में पहली का छात्र स्कूल में प्रार्थना के दौरान बेहोश हो गया। डॉक्टर के पास ले जाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सारण के तरैया के खराटी गांव में 52 वर्षीय नागेश्वर ठाकुर की मौत हो गई। शीतलहर को देखते हुए पूर्व में जिला प्रशासन ने आठवीं तक की कक्षा को बंद करने का नोटिस जारी किया था लेकिन एसीएस केके पाठक ने सभी जिलों को आदेश जारी कर स्कूल तत्काल प्रभाव से खोलने को कहा।

### जाति सर्वेक्षण के बाद केंद्र ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने को विवश : तेजस्वी

**पटना।** हमें पूरी ताकत से लोकसभा चुनाव लड़ना होगा...वे (केंद्र) मेरे और अन्य विपक्षी नेताओं के खिलाफ सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल करते रहेंगे। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा, हम पिछले कई वर्षों से कर्पूरी ठाकुर के लिए भारत रत्न की मांग कर रहे थे....ठाकुर भारत रत्न के हकदार थे। लालू ने कहा, तेजस्वी ने सही कहा है कि अब कांशी राम जी और राम मनोहर लोहिया को भारत रत्न दिया जाना चाहिए। एक अन्य कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में तेजस्वी ने कहा, हम कांशीराम और लोहिया के लिए भी भारत रत्न की मांग कर रहे हैं। केंद्र को उन्हें भी भारत रत्न से सम्मानित करना चाहिए। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बुधवार को कहा कि राज्य में महागठबंधन सरकार द्वारा कराए गए जाति आधारित सर्वेक्षण ने केंद्र को प्रख्यात समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के लिए विवश किया।

### चुनाव आयोग ने 17 आम चुनाव और 400 से अधिक विस चुनाव कराए जा चुके हैं

# लोकतंत्र की गौरवशाली यात्रा में चुनाव आयोग की भूमिका अहम : राष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे लोकतंत्र की विशालता और विविधता हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि हमारे लोकतंत्र की गौरवशाली यात्रा में चुनाव आयोग की अहम भूमिका रही है। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को राष्ट्रपति ने चुनावों के संचालन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों को वर्ष 2023 के लिए सर्वश्रेष्ठ चुनावी अभ्यास पुरस्कार प्रदान किए। मतदाताओं की जागरूकता में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सरकारी विभागों और मीडिया संगठनों सहित महत्वपूर्ण हितधारकों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि अब तक चुनाव आयोग द्वारा 17 आम चुनाव और 400 से अधिक विधानसभा चुनाव कराए जा चुके हैं। उन्होंने निष्पक्ष और समावेशी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग की वर्तमान और पिछली टीमों की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश की चुनाव प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर आधुनिक तकनीक का सफल उपयोग दुनिया के सभी लोकतांत्रिक देशों के लिए एक उदाहरण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सभी गतिविधियों में चुनाव आयोग द्वारा प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग को यथासंभव और बढ़ाया जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि देश के सभी हिस्सों में रहने वाले मतदाताओं के लिए व्यवस्था करना आसान नहीं है। तमाम तरह की चुनौतियों के बावजूद चुनाव आयोग की टीम इस कठिन काम को अंजाम देती है। यह हमारे लोकतंत्र की बहुत बड़ी उपलब्धि है। राष्ट्रपति ने उन लोगों के लिए घर पर मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए चुनाव आयोग की सराहना की जो मतदान केंद्रों पर नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों ने हमारे देश की चुनाव प्रक्रिया को और अधिक समावेशी बना दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे युवा हमारे लोकतंत्र के भविष्य के कर्णधार हैं। उन्होंने मतदाता फोटो पहचान पत्र प्राप्त करने वाले युवा मतदाताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह अधिकार मिलने के बाद उनके कर्तव्य भी बढ़ गये हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि यहां उपस्थित युवा मतदाता देश के उन करोड़ों युवाओं के प्रतिनिधि हैं जो वर्ष 2047 के स्वर्णिम भारत के निर्माण में अपनी निर्णायक भूमिका निभाएंगे।

# तेज विकास के बिना विकसित भारत का निर्माण संभव नहीं

**बुलंदशहर/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि विकसित भारत का निर्माण उत्तर प्रदेश के तेज विकास के बिना संभव नहीं है। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में 19,100 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं रेल, सड़क, तेल एवं गैस और शहरी विकास एवं आवास जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़ी हैं। इस अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 22 जनवरी को, मुझे अयोध्या में भगवान राम के 'दर्शन' मिले और आज मुझे यहां 'जनता जनार्दन' के 'दर्शन' का अवसर मिला है। आज, पश्चिमी यूपी को भी 19,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं मिली हैं। ये परियोजनाएं रेल लाइन, हाइवे, पेट्रोलियम पाइपलाइन, पानी, सीवेज, मेडिकल कॉलेज और औद्योगिक शहर से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम का हिस्सा बनकर काफी प्रसन्नता हो रही है। मोदी ने कहा कि अयोध्या में, मैंने कहा था कि 'प्राण प्रतिष्ठा' पूरी हो चुकी है, अब 'राष्ट्र प्रतिष्ठा' को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का समय है। उन्होंने कहा, अयोध्या में मैंने रामलला के सानिध्य में कहा था कि प्राण प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न हुआ, अब राष्ट्र प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने का समय है। हमें देव से देश और राम से राष्ट्र के मार्ग को और प्रशस्त करना है। हमारा लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को याद करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस क्षेत्र ने देश को कल्याण सिंह जैसा सपूत दिया है, जिन्होंने रामकाज और राष्ट्रकाज दोनों के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

### असम से बंगाल पहुंची राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

# अधीर चौधरी ने किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। कोलकाता**

25 जनवरी (हि.स.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी नेतृत्व में चल रही कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुरुवार दोपहर पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर गई है। असम से कूचबिहार के रास्ते बंगाल में यात्रा के प्रवेश करने के बाद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने विश्वास जताया कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडी गठबंधन) देशभर में अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर लड़ेगा। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा ने कूचबिहार जिले के बशीरहाट में प्रवेश किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने यहां पहुंचने पर राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया। असम कांग्रेस अध्यक्ष रिपुन बोरा ने अधीर चौधरी को तिरंगा सौंप कर बंगाल में इसकी शुरूआत की। राहुल गांधी ने कहा कि यात्रा से न्याय शब्द को इसलिए जोड़ा गया है, क्योंकि देशभर में अन्याय व्याप्त है। गठबंधन देशभर में व्याप्त अन्याय के खिलाफ लड़ेगा। पश्चिम बंगाल में यात्रा के आने से एक दिन पहले ही बुधवार को इंडी के घटक दल तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने अचानक घोषणा कर दी कि लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में अकेले मैदान में उतरेगी। इससे विपक्षी गठबंधन को झटका लगा। इसके बाद कांग्रेस की प्रतिक्रिया आई कि ममता बनर्जी के बिना गठबंधन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। गठबंधन में कांग्रेस के सहयोगी माकपा और अन्य वाम दल भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भाग ले सकते हैं। पश्चिम बंगाल में यह यात्रा 523 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और छह जिलों तथा छह लोकसभा क्षेत्रों से गुजरेगी। अप्रैल-मई 2021 में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद से यह राहुल गांधी का पहला बंगाल दौरा है।

### नीतीश के परिवारवाद वाले बयान पर लालू की बेटी का पलटवार

# लोकसभा चुनाव के पहले राजद और जदयू में तल्खी चरम पर

**एजेंसी। बिहार**



